<u>वी. यू. स्थापना दिवस समारोह आज</u>

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का 9 वें स्थापना दिवस समारोह आज दिनांक 14 दिसंबर 2018 को महाविद्यालय सभागार में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.एस. शर्मा माननीय कुलपति आर्युविज्ञान महाविद्यालय जबलपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविन्द प्रसाद मिश्र पूर्व कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अनुपम मिश्रा, डायरेक्टर, अटारी, आई.सी.ए.आर., जे.एन.के.व्ही.व्ही., जबलपुर एवं डॉ. पी.के. सिंह, डारेक्टर आई.सी.ए.आर., वीड रिसर्च इंस्टीट्यूट, जबलपुर तथा अध्यक्ष डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर करेंगे।

<u>लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड</u> :— पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू एवं जबलपुर के पूर्व अधिष्ठाता एवं गुजरात के कृषि विश्वविद्यालय सरदार कृषि नगर दंतीवाड़ा के कार्यवाहक माननीय कुलपति रहे। वर्तमान में अमरीका में निवासरत 92 वर्षीय डॉ. एम.आर.पटैल को लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। इस स्थापना दिवस पर डॉ. पटेल ने माननीय कुलपति, समस्त प्राध्यापकों एवं छात्रों को अपनी ओर से प्रेषित की।

<u>पूर्व अधिष्ठाता भी सम्मानित होगें</u> :— पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के पूर्व अधिष्ठाता गण डॉ. जे.एल. बेगड़, डॉ. एच.के.बी. पारेख तथा डॉ. एम.सी. अग्रवाल को उनके पशुचिकित्सा क्षेत्र में महत्वूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया जायेगा।

<u>विशिष्ट एल्मुनि पुरूस्कारः—</u> इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रगण डॉ. महेन्द्र सिंह, विश्वविद्यालय प्रमंडल सदस्य, डॉ. रविन्द्र जैसवाल, प्रेसिडेन्ट आई.बी. ग्रुप एवं प्रेसिडेन्ट छत्तीसगढ विटनरी काउन्सिल, डॉ. जितेन्द्र वर्मा एवं डॉ. सुधीर यादव को पशुचिकित्सा क्षेत्र में दिये गये महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया जायेगा।

पशुचिकित्सा उद्योग जगतः— में विशिष्ट योगदान देने वालो को भी सम्मानित किया जायेगा। इसमें श्रीमति गौरा दुबे, फिनिक्स ग्रुप जबलपुर, श्री सुनील वर्मा एवं हेमंत माथुर गोकुल एग्रीइकोनोमिक्स एवं लाइवस्टाक, भोपाल, श्री आशीष रैकवार, मतस्य पालन अमखेरा जबलपुर, श्री प्रवीण चौबे, चौबे डेरी फार्म बायपास रोड, अधारताल जबलपुर सामिल है।

विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों श्री लक्ष्मीकांत जोशी, श्री मिश्रीलाल नीखर, श्री एस.पी. विश्वकर्मा, श्री हेमंत राजपूत एवं श्रीमति सीमा शुक्ला को भी सम्मानित किया जायेगा।

<u>प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया जायेगा</u>ः— डॉ. धर्मेन्द्र कुमार तथा डॉ. बी.सी. सरखेल को उनके 7.49 नास रेटिंग जर्नल में शोध पत्र प्रकाशन हेतु तथा डॉ. के.पी. सिंह को विश्वविद्यालय गीत की रचना हेतु सम्मानित किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त अनेक छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया जायेगा जिनमें विश्वविद्यालय टॉपर, जे.आर.एफ एवं नेट उत्तीर्ण छात्र, राष्ट्रीय युवा संसद 2017—18 व गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छात्र शामिल है।

सूचना एवं जनसंर्पक अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर